## ★ प्रस्ताव 64 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 64 अंतत: मारिजुआना के वयस्क उपयोग के लिए एक सुरक्षित, वैध और व्यापक व्यवस्था निर्मित करता है, ऐसा हमारे बच्चों का संरक्षण करते हुए करता है।

मरिवाना California में तकरीबन सभी जगह उपलब्ध है—लेकिन बच्चों के लिए किसी संरक्षण के बिना, उत्पाद सुरक्षा के आश्वासन के बिना, और राज्य के लिए राजस्व उत्पन्न किए बिना।

प्रस्ताव 64 मरिवाना के वयस्क उपयोग को नियंत्रित, नियमित करता और कर लगाता है, और वयस्क उपयोग के लिए जिम्मेदार California के अपराधीकरण को खत्म करता है।

California मेडिकल एसोसिएशन प्रस्ताव 64 का समर्थन करती है क्योंकि यह मरिवाना के वयस्क उपयोग को पहले से ही वैध बना चुके राज्यों की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को समाहित करती है, और मरिवाना नीति पर California के ब्लू रिबन कमिशन, जिसमें कानून प्रवर्तन तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ शामिल थे, की सिफारिशों का बारीकी से पालन करती है।

*प्रस्ताव 64 कैसे कार्य करता है:*

- इस कानून के तहत, 21+ साल के व्यस्कों को कम मात्रा में गैर-चिकित्सीय मरिवाना रखने, और निजी उपयोग के लिए छोटे पैमाने पर घर पर उगाने की अनुमति होगी। गैर-चिकित्सीय मरिवाना की बिक्री केवल अत्यधिक नियमित, लाइसेंसशुदा मरिवाना कारोबारों में वैध होगी, और सिर्फ 21+ वाले व्यस्कों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। बार मरिवाना की बिक्री नहीं करेंगे, न ही शराब की दुकानें या किराने के सामान के स्टोर।

*बच्चों का संरक्षण:*

- ड्रग डीलर उम्र के प्रमाण के बारे में नहीं पूछते और आज खतरनाक ड्रग्स तथा रसायनों से भरे मरिवाना बेच सकते हैं। 64 बच्चों के लिए देश में सबसे कठोर संरक्षणों को शामिल करता है, खरीदारों का 21 साल का होना आवश्यक बनाता है, बच्चों को लक्षित करने वाले विज्ञापनों को प्रतिबंधित करता है, और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट लेबलिंग तथा स्वतंत्र उत्पाद परीक्षण को आवश्यक बनाता है। 64 स्कूलों के ठीक बगल में मरिवाना कारोबारों का निषेध करता है।

64

स्वतंत्र विधायी विश्लेषक के कार्यालय ने पाया कि 64 दोनों ही काम करेगा, राजस्व भी बढ़ाएगा और लागत भी कम करेगा। मरिवाना से न चुकाए गए करों की वसूली करके, यह California की मदद के लिए हर साल $1 बिलियन से अधिक राजस्व लाएगा। और यह घटे हुए कानून प्रवर्तन की लागत से दसियों मिलियन डॉलर सालाना बचा सकता है। साथ में, यह अगले दशक में $11 बिलियन का लाभ है।

- 64 पिछले विधेयकों से गलतियों को दुरुस्त करता है जो नहीं दिखाते थे कि पैसा कहां जाता है। इसकी जगह, यह विधेयक इस बारे में विशिष्ट है कि पैसे कैसे खर्च किए जा सकते हैं। प्रस्ताव 64 खास तौर पर राजनेताओं को उनकी अपनी अलग पसंदीदा परियोजनाओं के लिए पैसा देने पर रोक लगाता है।
- 64 अपने लिए भुगतान खुद करता है और स्कूल बाद के कार्यक्रमों के लिए बिलियन डॉलर इकट्ठा करता है जो बच्चों को स्कूल में बने रहने में मदद करता है; रोजगार नियोजन, रोजगार प्रशिक्षण और मानसिक स्वास्थ्य उपचार के लिए; किशोरों की ड्रग रोकथाम शिक्षा के लिए; अल्कोहल तथा ड्रग की लत के उपचार के लिए; और नशे में धुत होकर ड्राइविंग करने पर कड़ी कार्रवाई हेतु कानून प्रवर्तन के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान को निधि देने के लिए। अगले दशक के दौरान, ये कार्यक्रम राजस्व के रूप में बिलियन डॉलर हासिल करेंगे।

प्रति वर्ष, California में मरिवाना उगाने या बेचने के लिए 8,800 से ज्यादा आपराधिक गिरफ्तारियां होती हैं, जिसका परिणाम कुछ बहुत लंबी जेल की सजाओं के रूप में होता है। यह कानून प्रवर्तन संसाधनों की भारी बर्बादी है। प्रस्ताव 64 मरिवाना से लोगों की ज़िंदगियां बर्बाद होने से रोकेगा।

64 में रखे गए कठोर, सहज बुद्धि अधिनियम मरिवाना सुधार के समर्थन में अब तक के सबसे बड़े गठबंधन द्वारा समर्थित हैं, जिनमें लेफ्टिनेंस गवर्नर Gavin Newsom, डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन कांग्रेस सदस्यों, निषेध के खिलाफ कानून प्रवर्तन, California NAACP, California डेमोक्रेटिक पार्टी और कई अन्य शामिल हैं।

हम सभी जानते हैं कि मरिवाना के प्रति California के मौजूदा दृष्टिकोण का कोई मतलब नहीं है। यह समय है अपनी खंडित व्यवस्था को खत्म करने, और प्रमाणित सुधारों को लागू करने का, ताकि मरिवाना सुरक्षित, नियंत्रित और कराधान युक्त रहेगी।

**DR. DONALD O. LYMAN,** पूर्व प्रमुख, दीर्घकालिक रोग और चोट नियंत्रण
California सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग

**GRETCHEN BURNS,** कार्यकारी निदेशक
पेरेंट्स फॉर एडिक्शन ट्रीटमेंट एंड हीलिंग

**STEVEN DOWNING,** पूर्व उप प्रमुख
Los Angeles पुलिस विभाग

## ★ प्रस्ताव 64 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 64, लागू होने पर, लाखों बच्चों और किशोर दर्शकों के लिए मरिवाना विज्ञापनों के प्रसारण की अनुमति देकर, टीवी पर धूम्रपान के विज्ञापनों पर 45-वर्षीय प्रतिबंध को सीमित कर सकता है। ये विज्ञापन ओलम्पिक के दौरान "द वॉयस", "द बिग बैंग थियरी" और कम उम्र वाले दर्शकों के बीच लोकप्रिय अन्य कार्यक्रमों पर दिखाई दे सकते हैं।

सभी प्रसारण प्राइमटाइम कार्यक्रमों और लगभग सभी प्रसारण टेलिविजन कार्यक्रमों में से 95% पर इन मरिवाना धूम्रपान विज्ञापनों को अनुमति दी जा सकती है। बच्चे मरिवाना गमी कैंडी और ब्राउनीज को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों के संपर्क में आ सकते हैं—ये वही उत्पाद हैं जिन्हें Colorado में आपात कक्ष दौरों में तेज वृद्धि के लिए दोषी ठहराया गया।

हम तम्बाकू के टीवी विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाते हैं क्योंकि अध्ययन दिखाते हैं कि इनसे बच्चे धूम्रपान शुरू करने के लिए प्रेरित हुए। टीवी पर मरिवाना धूम्रपान विज्ञापनों को प्रतिबंधित कर दिया जाना *चाहिए*, लेकिन इसके समर्थक अपनी बिलियन डॉलरों में अनुमानित भारी लाभ कमाने की योजना पर रोक लगाना नहीं चाहते। और तम्बाकू के पैसे की तरह, प्रस्ताव 64 के द्वारा पैदा हुए कॉर्पोरेट एकाधिकार उस धन को नेताओं को चंदे के लिए उपयोग कर सकते हैं ताकि हम उस नुकसान की कभी भी भरपायी न कर सकें जो प्रस्ताव 64 करेगा।

Sharon Levy, M.D., FAAP, मादक द्रव्यों के सेवन पर बालरोग समिति की अमेरिकी अकादमी के अध्यक्ष चेतावनी देते हैं, "तंबाकू उपयोग के स्वास्थ्य पर प्रभाव नुकसान को साबित करने में कई पीढ़ियां, लाखों ज़िंदगियां और अरबों डॉलर लग गए, भले ही ये नुकसान बहुत भारी रहे हैं। हमें मरिवाना को "दोषी साबित होने तक निर्दोष" नहीं मानना चाहिए, जब हमें पहले से ही किशोरों को पहुँचने वाली हानियों के बारे में पता है।"

हालिया सुधारों के बाद, सिर्फ मरिवाना रखने के लिए *एक भी व्यक्ति* California की जेलों में नहीं बचा है। प्रस्ताव 64 वास्तव में जिस बारे में है, वह है कि यह अरबों बनाने के लिए हमारे बच्चों को मरिवाना के संपर्क में ला रहा है।

प्रस्ताव 64 पर "नहीं" में मतदान करने में हमारे साथ शामिल हों।

**KATIE DEXTER,** पूर्व प्रेसीडेंट
San Diego काउंटी स्कूल बोर्ड एसोसिएशन

**JOHN QUINTANILLA,** बोर्ड सदस्य
Rosemead स्कूल डिस्ट्रिक्ट

**CYNTHIA RUIZ,** बोर्ड सदस्य
Walnut Valley Unified स्कूल डिस्ट्रिक्ट



*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों के विचार हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*

## ★ प्रस्ताव 64 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 64 में पांच बहुत बड़े दोष हैं जो आप और आपके प्रियजनों को सीधे प्रभावित करते हैं।

*दोष #1: हाईवे मौतों का दोगुना होना।*

हाईवे सुरक्षा के लिए AAA फाउंडेशन सूचित करता है कि जब से Washington राज्य ने इसे वैध बनाया है तब से मरिवाना से जुड़ीं कार दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें दोगुनी हो गई हैं। फिर भी, आश्चर्यजनक रूप से, प्रस्ताव 64 के प्रस्तावकों ने मरिवाना के लिए एक DUI मानक शामिल करने से इन्कार कर दिया, इससे नशे में धुत ड्राइवरों को हमारे हाईवे से दूर रखना अत्यंत कठिन हो गया।

*दोष #2: स्कूलों और पार्कों के निकट मरिवाना उगाने की अनुमति देता है।*

प्रस्ताव 64 वास्तव में स्थानीय सरकारों को आवासीय परिसर के भीतर मरिवाना उगाने से रोकने का निषेध करता है—यहां तक कि किसी प्राथमिक स्कूल के पड़ोस में भी—बशर्ते फसल छह पौधों तक सीमित हो, (और जो कि बहुत ज्यादा मरिवाना है)। California पुलिस चीफ्स एसोसिएशन कहता है कि "वस्तुतः प्राथमिक स्कूलों और खेल के मैदानों के पड़ोस में मरिवाना की घर के अंदर खेती की अनुमति दे करके, प्रस्ताव 64 स्थानीय नियंत्रण को कुचल रहा है।"

*दोष #3: कालाबाज़ारी और ड्रग कार्टेल गतिविधियां बढ़ाएगा, न कि घटाएगा।*

Colorado पुलिस चीफ्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष John Jackson कहते हैं, "मरिवाना को वैध बनाने के बाद से Colorado में बहुत अधिक संगठित अपराध दर्ज किए गए हैं।" "हमने 2007 में 1 मामला दर्ज किया था, और 2015 तक यह संख्या 40 हो गई। चूंकि आपका प्रस्ताव 64 बड़े अपराधों में दोषी ठहराए गए हेरोइन और मेथ डीलरों के वैध मरिवाना कारोबार में प्रवेश पर निषेध को निरस्त करता है, यह California में और भी बुरा हो सकता है।"

*दोष #4: टीवी पर धूम्रपान के विज्ञापन के पूर्ण निषेध को वापस ले सकता है।*

दशकों से टीवी पर तम्बाकू विज्ञापनों पर प्रतिबंध रहा है, लेकिन प्रस्ताव 64 प्राइमटाइम तथा लाखों बच्चे और किशोर दर्शकों वाले कार्यक्रमों के दौरान मरिवाना धूम्रपान विज्ञापन दिखाने की अनुमति देगा।

*दोष # 5: प्रस्ताव 64, पहले से ही अल्कोहल और नशीली दवा की लत से जूझ रहे सुविधावंचित इलाकों पर एक चहुंमुखी हमला है।*

5,000 शहर के भीतरी गिरजाघरों का प्रतिनिधित्व करने वाले इंटरनेशनल फेथ बेस्ड कोलिशन के बिशप Ron Allen प्रस्ताव 64 को अल्पसंख्यकों पर हमला करार देते हैं, और पूछते हैं, "पॉट शॉप्स की संख्या की कोई सीमा क्यों नहीं है, जो गरीब इलाकों में खोली जा सकती हैं? अब हमारे पास अभी प्रत्येक ब्लॉक में दो शराब की दुकानों के बीच पॉट शॉप्स की एक श्रृंखला होगी, लेकिन हमें अभी तक एक भी किराने के सामान का स्टोर नहीं मिल सकता है। प्रस्ताव 64 प्रत्येक माता/पिता का काम मुश्किल बना देगा।"

संक्षेप में, प्रस्ताव 64 अन्य राज्यों में वैधीकरण विधेयकों से मूलतः अलग है, और पिछले साल पारित तथा गवर्नर Brown द्वारा कानून के रूप में हस्ताक्षरित अनगिनत उपभोक्ता संरक्षणों को कमजोर कर सकता है।

यदि खंडन करने वाले प्रस्तावक नीचे दिए पांच प्रश्नों का उत्तर नहीं देते हैं, तो केवल एक ही उचित निर्णय "नहीं" में वोट करना है।

1. आपकी पहल में हमारे CHP अधिकारियों को नशे में धुत ड्राइवरों को सड़क से हटाने का कोई DUI मानक क्यों नहीं हैं? सिर्फ "अध्ययन" को चालू करना ही पर्याप्त नहीं है।
2. प्रस्ताव 64 स्कूलों और खेल के मैदानों के पड़ोस में मरिवाना की इनडोर खेती करने की मंजूरी क्यों देता है?
3. प्रस्ताव 64 हेरोइन और मेथ के क्रय-विक्रय में दोषी सिद्ध अभियुक्तों को मरिवाना बेचने का लाइसेंस देने की अनुमति क्यों देता है?
4. प्रस्ताव 64 टीवी पर मरिवाना पीने के विज्ञापन दिखाने की मंजूरी क्यों देता है?
5. इसमें पॉट शॉप्स की संख्याओं की सीमा क्यों नहीं है, जिन्हें एक ही इलाके में रखा जा सकता है?

उन्होंने फिर से इसे गड़बड़ कर लिया। हम दृढ़ता से प्रस्ताव 64 पर आपके "न" में वोट का आग्रह करते हैं।

तथ्य प्राप्त करने के लिए, *www.NoOn64.net* पर जाएं

**DIANNE FEINSTEIN,** संयुक्त राज्य सीनेटर
**DOUG VILLARS,** प्रेसिडेंट
California एसोसिएशन ऑफ हाइवे पेट्रोलमेन
**C. DUANE DAUNER**, अध्यक्ष
California हॉस्पिटल एसोसिएशन

64

## ★ प्रस्ताव 64 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

तथ्यों को देखो, उन समूहों की रणनीतियों से डरो नहीं, जो कि हमेशा से मरिवाना सुधार का विरोध करते हैं।

- कुछ साक्ष्य दर्शाते हैं कि जिन राज्यों में मरिवाना वैध है वहां *कम* युवा मरिवाना उपयोग करते हैं। प्रस्ताव 64 में देश के कठोरतम बाल संरक्षण समाहित हैं: यह चेतावनी स्तरों, बाल-प्रतिरोधी पैकेजिंग, तथा विज्ञापन निषेधों, तथा मरिवाना को सार्वजनिक जगहों और बच्चों से दूर रखने को आवश्यक बनाता है।
- प्रस्ताव 64 में ऐसा *कुछ नहीं* है जो टीवी पर मरिवाना के विज्ञापन दिखाने को वैध बनाता है। केंद्रीय कानून इसे रोकता है!
- यह निर्णायक रूप से सिद्ध नहीं किया गया है कि नशे में धुत होकर ड्राइविंग उन राज्यों में *बढ़ी* है, जहां मरिवाना को वैध बनाया गया है, और दुर्घटना का जोखिम नहीं बढ़ा है। Colorado के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग और राष्ट्रीय हाईवे ट्रैफिक सुरक्षा प्रशासन दोनों ने इसकी पुष्टि करते हैं।

प्रस्ताव 64 पर हां में मतदान करें:

- असुरक्षित ड्राइविंग की दर नीचे लाने के लिए प्रस्ताव 64 उपकरण और कानून प्रवर्तन प्रशिक्षण में लाखों डॉलर खर्च करता है। यह ड्राइवर में नशे की स्थिति मापने के लिए California हाईवे गश्ती दल के निर्देशन में वैधानिक मानकों को विकसित करने के लिए नई निधियां आवंटित करता है।
- प्रस्ताव 64, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को नियामकों की #1 प्राथमिकता बनाता है, जो निर्धारित करते हैं कि मरिवाना के कारोबार के लाइसेंस के लिए कौन पात्र हैं।
- प्रस्ताव 64 स्थानीय नियंत्रण को संरक्षण देता है।
- प्रस्ताव 64 गवर्नर द्वारा हस्ताक्षरित उपभोक्ता संरक्षणों का आधार बनाता है।

स्वतंत्र विधायी विश्लेषक का कार्यालय कहता है कि प्रस्ताव 64 राजस्व को बढ़ाएगा और लागतों में कमी लाएगा। दोनों दलों के सांसद प्रस्ताव 64 का समर्थन करते हैं क्योंकि यह उन राज्यों के सर्वश्रेष्ठ कार्य-व्यवहारों पर आधारित हैं जिन्होंने सुरक्षित रूप से वैधीकरण किया है।

"मैं मरिवाना का उपयोग नहीं करती और मैं नहीं चाहती कि मेरा 17 साल का बेटा भी इसका उपयोग करे। मैं प्रस्ताव 64 पर हां में मतदान कर रही हूं क्योंकि यह स्पष्ट है कि जो अभी हमारे पास है उसकी अपेक्षा यह बच्चों की ज्यादा सुरक्षा करेगा," यह कहना है Los Angeles में रहने वाली एक मां Maria Alexander का।

अधिक जानकारी *YesOn64.org* पर पाएं।

**REP. TED LIEU**, पूर्व सैन्य अभियोजक
**MARSHA ROSENBAUM,** Ph.D., सह-अध्यक्ष
युवा शिक्षा और रोकथाम कार्य समूह,
मरिवाना नीति पर ब्लू रिबन कमिशन
**DR. LARRY BEDARD,** पूर्व प्रेसिडेंट
अमेरिकन कॉलेज ऑफ इमर्जेंसी फिजिशियन्स

*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों के विचार हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*